संख्या–cm-198
23/06/2019

मुख्यमंत्री ने सेवानिवृत चीफ जस्टिस स्व0 बिनोद कुमार राय के शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दी

पटना 23 जून 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज सिक्किम हाईकोर्ट के सेवानिवृत चीफ जस्टिस स्व0 बिनोद कुमार राय के नाला रोड स्थित उनके आवास जाकर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। ज्ञातव्य है कि 75 वर्षीय सेवानिवृत मुख्य न्यायाधीश स्व0 बिनोद कुमार राय का निधन 20 जून को हुआ था।

इस अवसर पर महाधिवक्ता श्री ललित किशोर सहित स्व0 बिनोद कुमार राय के परिजन एवं शुभचिंतक उपस्थित थे।

******